
# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

13 यातायात व्यवस्थित करने में जुटी निगम व पुलिस टीम



14 धरना स्थगित हुआ है न कि मुद्दे, वेटलैंड जमीन को बेचने नहीं देंगे...



## खबर संक्षेप

### सांकरा में आज रंग झरोखा कार्यक्रम

**सांकरा।** आज रात्रि 8 बजे दुष्यंत हरमुख कृत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा का आयोजन हाईस्कूल मैदान सांकरा में किया गया है। यह जानकारी हितेश, महेश सिन्हा ने दी है।

### महिला खेलकूद का आयोजन 25 को

**बगदेही(धमतरी)।** जिला स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन 25 अक्टूबर को धमतरी में होगा। विकासखण्ड प्रतियोगिता 16 अक्टूबर को अटलबिहारी स्टेडियम कुरुद में हुई। विकासखण्ड कुरुद के चयनित प्रतिभागियों को 25 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे काली मंदिर कुरुद में उपस्थित होने कहा गया है। यह जानकारी विकास खण्ड खेल प्रभारी सीएल साहू ने दी है।

### विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण लेने आवेदन 5 तक

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है। इसके लिए 18 से 45 साल तक की आयु के इच्छुक आवेदक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर 5 नवम्बर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी, जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि फील्ड टेक्निशियन एंड कम्प्यूटिंग पेरीफेरल (कम्प्यूटर हार्डवेयर), डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर और रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में प्रशिक्षण के लिए बारहवीं उत्तीर्ण, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के प्रशिक्षण के लिए दसवीं पास और सुरक्षा गार्ड, प्लंबर जनरल एवं सेविंग मशीन ऑपरेटर (सिलाई) प्रशिक्षण हेतु आठवीं उत्तीर्ण आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

### अधिकारियों के कार्य विभाजन में आंशिक संशोधन

**धमतरी।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से कलेक्टर नम्रता गांधी ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य पूर्व में किए गए कार्य विभाज आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संयुक्त कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी का सम्पूर्ण प्रभार सौंपा गया है। उन्हें सत्कार अधिकारी, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू-अर्जन अधिकारी और मंडी धमतरी का दायित्व सौंपा गया है। संयुक्त कलेक्टर डॉ.विभोर अग्रवाल को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी नगरी का सम्पूर्ण प्रभार, अनुभाग क्षेत्र के लिए भू-अर्जन अधिकारी और मंडी नगरी का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य भी उक्त अधिकारियों द्वारा किया जाएगा।

### गांव-गांव में हुई बैठकें रहीं बेनतीजा, एक राय नहीं हो पा रहे किसान

# फसल परिवर्तन अभियान को झटका, किसान धान बोने के मूड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रशासन के फसल चक्र परिवर्तन अभियान को एक बार फिर गहरा झटका लगा है। कई किसान फिर से धान की ओर डायवर्ट हो गए हैं। पहले जो चना लगाने के लिए राजी थे, वे भी धान लगाने के मूड में हैं। खपरी भानपुरी, तेलीनसत्ती, देमार सहित कई गांवों में किसानों का दो गुट बन गया है। एक चना, गेहूं बोने तो दूसरा गुट धान की फसल लगाने पर अड़ा है।

लगातार धान फसल लेने से जमीन की सेहत बिगड़ गई है। इसका दुष्परिणाम भी सामने आने लगा है। धमतरी के आसपास एक नहीं दर्जन भर से ज्यादा गांवों में सोखन की समस्या है। इन गांवों के खेतों में पानी ठहर ही नहीं रहा है। हाल ही में सेहराडबरी में जमीन धंसने की घटना भी हुई है। जानकारों की मानें तो यह समस्या लगातार जमीन में रासायनिक खाद का इस्तेमाल करने से आ रही है। जमीन का प्रोफाइल बिगड़ गया है। वहीं जिले का वाटर लेवल भी लगातार घट रहा है। समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने इस साल फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दिया है। गांव -गांव अभियान चलाकर किसानों को इस गर्मी में चना, उड़द, मूंग, गेहूं, मक्का जैसी उन्हारी फसल लगाने के लिए प्रेरित किया। कई किसान फसल चक्र परिवर्तन के लिए राजी भी हो गए हैं लेकिन बड़ी संख्या में किसान ऐसे हैं, जो गर्मी में भी धान लगाने के पक्ष में है। कई गांवों में उन्हारी फसल लेने के लिए किसानों को राजी करने के लिए आम बैठक का आयोजन भी किया गया लेकिन किसानों में सहमति नहीं बन पाई। विवादों के बीच बिना कोई निर्णय के ही बैठक समाप्त हो गई।

#### किसानों में दो फाड़

फसल चक्र परिवर्तन को लेकर गांव -गांव में किसानों में दो फाड़ हो गया है। किसानों का एक गुट उन्हारी फसल लगाने पर जोर दे रहा है तो दूसरा गुट फिर से धान लगाने पर। उधर जिला प्रशासन भी किसानों को फसल चक्र परिवर्तन के लिए दबाव नहीं बना पा रहा है। ऐसे में जो किसान चना लगाने के लिए राजी थे, वे भी धान की फसल की ओर डायवर्ट हो रहे हैं। किसान युवराज शर्मा, चैतराम ध्रुव, सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनके खेतों के पास अन्य किसान चना, गेहूं जैसी फसल लगाने के लिए राजी नहीं है। इन किसानों के खेतों के पानी का सीपेज उनके खेत में आएगा। ऐसे में वे चाहकर भी चना, गेहूं जैसी फसल नहीं ले सकेंगे। मजबूरी में उन्हें फिर से धान की फसल लगानी पड़ेगी।



#### फिर दांव पर मिट्टी

पिछले चार दशक से जिले के अधिकांश इलाकों में धान की दोहरी फसल ली जा रही है। लगातार रासायनिक खाद और कीटनाशक के इस्तेमाल से जमीन की सेहत खराब हो गई है। अब फिर से रबी में धान की खेती से जमीन की सेहत और बिगड़ेगी। यही नहीं जिले का वाटर लेवल पहले से खराब है, जिसके और भी डाउन होने का खतरा है। उधर कई किसानों ने चना, गेहूं लगाने के लिए बीज की डिमांड कर रखी है। स्प्रिंकलर भी खरीदने की तैयारी में थे। धान लगाए जाने से उन्हें नुकसान होगा।

# गुरु पुष्य नक्षत्र आज, खरीदारी के लिए बन रहे पांच योग

- बाजार सजकर तैयार, ग्राहकों को लुभाने तमाम इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार दीपावली इस वर्ष 28 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। दिवाली के पहले 24 अक्टूबर को गुरू पुष्य नक्षत्र का शुभ योग है। गुरूवार को पुष्य नक्षत्र पड़ने के कारण इस गुरू पुष्य नक्षत्र योग के नाम से जाना जाता है। पुष्य नक्षत्र में नया काम शुरू करने और खरीदारी को बहुत ही शुभ माना जाता है। पुष्य नक्षत्र के साथ अमृत सिद्धि योग, सर्वार्थ सद्धि योग जैसे शुभ संयोग भी बन रहे हैं। इसके अलावा महालक्ष्मी योग, पारिजात योग, बुधादित्य योग एवं पर्वत योग भी बनेगा। यह शुभ योग खरीदारी और निवेश के लिए अच्छा है।

ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि गुरू पुष्य नक्षत्र को बहुत ही शुभ माना जाता है। यह श्रेष्ठतम मुहूर्तों में से एक है। इस योग में धर्म, कर्म, मंत्र जाप, अनुष्ठान, दीक्षा, अनुबंध, व्यापार, खरीदी, बिक्री, निवेश आदि के लिए अतिशुभ है। यह तिथि सभी दोषों से मुक्त है। इस दिन कोई भी कार्य करने से पहले मुहूर्त नहीं देखा जाता। सभी प्रकार के कार्य संपन्न कराए जा सकते हैं।

इस शुभ योग में सोना, चांदी, आभूषण, बर्तन, कपड़े, वाहन, जमीन, इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रानिक आदि की खरीदी बिक्री होगी। इस दिन खरीदारी करने से जीवन में सुख समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार को पुष्य नक्षत्र 12:17 बजे तक रहेगा। इसे सभी नक्षत्रों का राजा कहा जाता है।

पुष्य नक्षत्र होने की वजह से बाजार में आज खूब खरीदारी होगी। व्यापारी एक दिन पूर्व तैयारी में जुट गए। सामानों की सजावट के साथ दुकानों को आकर्षक लाइट से सजाया गया हैं। खरीदारों को लुभाने तमाम इंतजाम किए गए हैं। कुछ स्थानों पर उपहार योजना लागू है तो कुछ दुकानों में भारी भरकम डिस्काउंट का बोर्ड लगा हुआ है।

घड़ी चौक स्थित किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित बरड़िया ने बताया कि पुष्य नक्षत्र व दिवाली त्योहार को देखते हुए सोने चांदी के आभूषणों का विशाल रेंज उपलब्ध है। इसकी खरीदी पर डिस्काउंट व गिफ्ट हैम्पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बुधवार तक सोना 72450 रूपये प्रति तोला , चांदी 950 रूपये प्रति तोला रहा। इसके अलावा साल में 4 माह ग्राहकों के लिए बंपर उपहार योजना, कंगन महोत्सव आदि वोकेशन चलते रहते हैं।

कपड़ा व्यापारी महेश जसूजा ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर विभिन्न कंपनियों के शर्ट, पेंट, टी शर्ट, साड़ियां बच्चों और लड़कियों के लिए आकर्षक शूट उनकी दुकान में कंपनी रेट पर उपलब्ध है। नामचीन कंपनियों के उत्पाद के साथ वैरायटी उपलब्ध है।

लाइट एवं डेकोरेशन शॉप के संचालक हरि देवांगन ने बताया कि पुष्य नक्षत्र और दिवाली त्योहार पर सभी दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। शुभ योग के लिए वे पर्याप्त स्टाक मंगवा लिए हैं। स्टाफ भी बढ़ा लिए हैं। खरीदी पर छूट का आफर व स्कीम भी चल रही है।

शिवम प्लानेट के संचालक हरीश सिन्हा ने बताया कि शुभ योग पर उनकी शॉप में 10 गाड़ियों की बुकिंग हैं। उनकी दुकान पर सभी गाड़ियों में स्कीम और छूट का आफर है। स्पाट पर फाइनेंस सुविधा है। सभी गाड़ियों के विशाल रेंज के साथ 2.50 लाख तक गाड़ियां आन 3 स्पाट मौजूद हैं।



# धमतरी को मिले पांच नए डाक्टर




- सीएम व स्वास्थ्य मंत्री का रामू रोहरा ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएचएम द्वारा संविदा डाक्टरों की नियुक्ति की गई है, जिसमें धमतरी जिले को पांच नए डाक्टर मिले हैं। इनमें से दो जिला अस्पताल, दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर और एक गुजरा सीएचसी में सेवा देंगे।



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवनियुक्त डॉ. सौरभ बागड़े शहरी आयुष्मान मंदिर बठेना धमतरी, डॉ. गौरव वैद्य व डॉ. यश कुमार साहू जिला अस्पताल, डॉ. खिलेन्द्र सिंह दीवान शहरी आयुष्मान मंदिर अधारी नवागांव व डॉ. अनुनय कनाडे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुजरा में सेवा देंगे। सभी नवनियुक्त चिकित्सकों को 6 नवंबर तक संबंधित स्थान पर ज्वाईनिंग देनी है। सभी डाक्टरों की नियुक्ति एनएचएम अंतर्गत संविदा के तहत है।

डाक्टरों की नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है।

### धमतरी क्षेत्र की पहली महिला सेनानी काजल का गृहग्राम में हुआ स्वागत

# माता-पिता से मिलकर भर आईं आंखें, किया सैल्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टीआईएसएफ की ट्रेनिंग लेने के बाद काजल पहली बार घर आई। पूरे गांव ने उसका जोर-शोर से स्वागत किया। ग्राम पंचायत की अगुवाई में काजल की शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। काजल खपरी ही नहीं बल्कि धमतरी क्षेत्र की पहली लड़की है, जिसका चयन सेना में हुआ है।

ग्राम खपरी की बेटी काजल साहू का चयन सेंट्रल इंडस्ट्रियल सेक्युरिटी फोर्स में हुआ है। चयन के बाद काजल ट्रेनिंग लेकर मंगलवार को रायपुर पहुंची। रायपुर रेलवे स्टेशन में छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी सहित विभिन्न संगठनों ने उसका स्वागत किया। शाम को काजल गृहग्राम खपरी (अर्जुनी) पहुंची। सबसे पहले उसकी मुलाकात चाची लेखनी साहू से हुई। चाची ने भतीजी का गले लगाकर स्वागत किया। इसके बाद भेंट पिता मुरार साहू एवं माता दयाबती साहू से हुई। काजल ने माता पिता को सैल्यूट देकर और कैप पहनाकर आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत ने काजल के आगमन पर स्वागत समारोह रखा। सरपंच राम रोशन ध्रुव ने काजल के साथ- साथ उसके माता-पिता का स्वागत किया। पूर्व सैनिक परिषद के कुलेश्वर प्रसाद साहू, खेल शिक्षक अजय साहू सहित अन्य लोग भी काजल का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। पंचायत में स्वागत समारोह के बाद शोभायात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया गया।



# लिफ्ट के बहाने ट्रक पर चढ़कर चालक को लूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लिफ्ट के बहाने ट्रक पर चढ़े युवक चालक को डरा-धमकाकर नकदी लूटकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मो. आजाद अंसारी पिता मो. रजा उम्र 31 ग्राम मोहिनी थाना रामपुर जिला सीधी मध्यप्रदेश निवासी पेशे से ट्रक चालक है। 21 अक्टूबर की शाम चालक मो. आजाद ट्रक क्रमांक एमएच 37 डब्ल्यू 1100 को लेकर आमदी जाने के लिए रत्नाबांधा मार्ग से गुजर रहा था। चालक ने रत्नाबांधा रोड स्थित श्री गोपाल अस्पताल के पास अपने ट्रक को खड़ा कर दवाई लेने के लिए गया था। दवाई लेकर चालक वापस अपने ट्रक पर बैठ गया। इसी दौरान दो युवक आगे तक जाने के लिए लिफ्ट मांगते हुए जबरन ट्रक पर चढ़ गए। इस दौरान युवकों ने चालक को गाली देते हुए मारपीट कर उसकी जेब में रखे पर्स को लूट लिया। पर्स में 8 हजार रूपए थे। एक युवक ने ट्रक में लगी चाबी को निकाल लिया। दोनों लूटपाट कर मौके से फरार हो गए। मारपीट में ट्रक चालक के गले, नाक, चेहरे पर चोट लगी है। पीड़ित चालक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विवेचना के दौरान पीड़ित चालक, गवाहों व घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अभिषेक मीनपाल व नोहर यादव को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ कर बयान लिया। आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए लूट की राशि 8 हजार को बराबर-बराबर बांटना व खाली पर्स तथा ट्रक की चाबी को हटकेशर देशी शराब दुकान के पास झाड़ी में फेंकना बताया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर उक्त स्थान से चाबी व पर्स बरामद किया।





पुलिस ने आरोपी अभिषेक मीनपाल पिता साधुराम 24 वर्ष व नोहर यादव उर्फ सोनू उम्र 23 वर्ष दोनों महावीर चौक के पास रत्नाबांधा निवासी को धारा 296, 309-6 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, एएसआई विरेन्द्र बैस, आरक्षक डायमंड यादव, शशिकांत नायक, भुनेश्वर त्रिपाठी व भूपेन्द्र पदमशाली का विशेष योगदान रहा।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### रामसर साइट के घोषित होने से पक्षियों एवं जीव-जंतुओं की होगी सुरक्षा

# फुटहामुड़ा को रामसर साइट का दर्जा देने राज्य सरकार ने भेजा केन्द्र को प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- पर्यटन तथा रोजगार के भी अवसर बढ़ेंगे

गंगरेल बांध के छोर में स्थित फुटहामुड़ा वेटलैंड-आद्र भूमि को रामसर साइट का दर्जा दिलाने राज्य सरकार ने पहल की है। केन्द्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद फुटहामुड़ा के आसपास के क्षेत्र को रामसर साइट घोषित किया जाएगा। सर्वे और रिसर्च के मुताबिक गंगरेल बांध के फुटहामुड़ा क्षेत्र में अमेरिका, अफ्रीका और साइबेरिया से पक्षियों का झुंड पहुंचता है। अगर यह क्षेत्र रामसर साइट घोषित होता है तो पक्षियों की सुरक्षा और संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रयास होगा। संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा ने हरिभूमि को बताया कि सन 1971 में विश्वस्तर पर इरान के रामसर नामक स्थल पर सम्मेलन हुआ था। जैव विविधता को लेकर हुए इस सम्मेलन में पक्षियों की सुरक्षा को लेकर कई फैसले हुए, जिसमें ऐसे स्थलों को रामसर साइट घोषित करने का निर्णय हुआ है जहां की आद्र भूमि पर देश-विदेश के हजारों पक्षी कुछ महीनों के लिए बसेरा करते हैं। छत्तीसगढ़ में कहीं भी रामसर साइट नहीं है। हालांकि देश में 85 रामसर साइट हैं जहां हमेशा पक्षियों की निगरानी होती है। पक्षी हमेशा आते रहे, इसके लिए वाटर बाडी को सुरक्षित रखा जाता है। वाटर बाडी में कोई प्रोजेक्ट नहीं लगा सकेंगे। इससे जीव-जंतुओं को नुकसान होगा।

वाटर बाडी के जीव-जंतु पक्षियों की खुराक है, जिसकी सुरक्षा की जाएगी। वेटलैंड के आसपास कोई बड़ी बिल्डिंग नहीं बनेगी। फुटहामुड़ा वेटलैंड के नाम से गंगरेल बांध के किनारे का बड़ा क्षेत्र आता है। रामसर साइट घोषित होने से पर्यटन के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



#### 6 माह पहले फुटहामुड़ा वेटलैंड की सुरक्षा रही ताक पर

धमतरी वाइल्ड लाइफ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष गोपीकृष्ण साहू, सचिव अमर मूलवानी ने फुटहामुड़ा वेटलैंड साइट को मछली पालन से होने वाले खतरे से आगाह किया था। मछली पालन के दौरान भारी मात्रा में मछली मरने तथा वेटलैंड में गड्ढा खोदकर कई टन मछली पाटने से भयंकर बदबू से यहां के प्रवासी प्रवासी पक्षियों पर भारी खतरा बताते हुए इसे सुरक्षित करने के लिए पत्र राज्य सरकार को लिखा था, जिस पर वन विभाग ने एक्शन लेते हुए इस क्षेत्र में मछली पालन पर प्रतिबंध लगाया। वेलफेयर सोसाइटी के गोपीकृष्ण, अमर मूलवानी अपने स्तर पर पर सर्वे करते रहे हैं, जिसमें पता चला है कि कुछ ऐसी पक्षियां भी हैं जो यहां अंडा देने आती हैं। बच्चे जब लंबी उड़ान के लायक हो जाते हैं तो वे उड़ जाते हैं। इसके अलावा कई राज्यों से भी पक्षियों का दल यहां पहुंचता है। करीब 245 प्रकार के पक्षी आते हैं। यूरोप, अफ्रीका, साइबेरिया, मंगोलिया, चीन, उत्तरी-दक्षिणी ध्रुव से आने वाले पक्षियों में कैंदिस प्लोवर, कॉन ग्रीन शैंक, स्पाटेड रेड शैंक, कॉन रेड शैक, यूरेशियन कर्ल्यू, वाईट वैक्टेल, येलो वैक्टे, साइबेरियन स्टोन चैट, कॉन कक्कू, ब्लैक टेल्ड गाडविट, कॉमन सैंडपाइपर आदि शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 26 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

### सचिव वाणिज्यिक कर विभाग आर. संगीता ने ली आबकारी अमले की बैठक

# मिलावटी एवं अधिक दर पर शराब बेची तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुश्री आर. संगीता सचिव वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आबकारी अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले को दिये गये रेवेन्यू टारगेट के विरूद्ध अब तक की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले की एजेंसी एवं सुरक्षाकर्मी एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारियों की नियुक्ति, उपस्थिति, वेतन एवं कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मदिरा दुकानों में छत्तीसगढ़ के स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति करने, बायोमेट्रिक पद्धति से उपस्थिति, प्रतिमाह वेतन संबंधितों के बैंक खातों में नियत समय पर भुगतान करने व मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों का नये सिरे से



सत्यापन कर आपराधिक प्रकरण में लिप्त पाए जाने एवं ब्लैक लिस्टेड पाये जाने पर तत्काल सेवा से पृथक कर उन पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रबंध संचालक, छग बेवरेजेस कॉर्पोरेशन, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कोर्पोरेशन श्याम धावड़े, कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा सहित आबकारी विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में सचिव आर. संगीता ने मदिरा दुकानों में विधिवत स्टॉक रजिस्टर का अद्यतन करने, स्कैनिंग कर मदिरा का आमद एवं विक्रय करने, दुकानों के सीसीटीव्ही कैमरा सदैव चालू रखने तथा तकनीकी खराबी आने पर उन्हें तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। इसके साथ दुकानों में संग्रहित खाली कार्टून को सुरक्षित रखने के निर्देश दिये गये। ग्राहकों की मांग के अनुरूप ब्राण्ड की मदिरा का विक्रय करने, ड्यूटी के दौरान निर्धारित यूनिफॉर्म में आई कार्ड सहित उपस्थित रहने, निर्धारित समय पर ही दुकान खोलने एवं बंद करने तथा दुकान से प्रति व्यक्ति निर्धारित सीमा के भीतर मदिरा विक्रय करने सहित किसी भी प्रकार की मिलावटी एवं अवैध शराब विक्रय नहीं करने, शराब कोचियों को शराब का विक्रय नहीं करने एवं अधिक दर पर मदिरा विक्रय पर कड़ाई से अकुंश लगाने के निर्देश दिये।

बैठक में नॉन ड्यूटी पेड, अवैध शराब, बिना स्कैन की शराब पर कड़ाई से नियंत्रण कर अनियमितता पाये जाने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध गैर जमानती अपराध दर्ज करने के निर्देश दिये गये।

### बोरसी में आयोजित हुआ जिला स्तरीय जनसमस्या शिविर

# किसानों को दलहन-तिलहन फसल लेने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम पंचायत बोरसी में जिला स्तरीय जन समस्या शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिले के सभी विभागों के अधिकारी- कर्मचारियों ने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताया। कृषि विभाग ने फसल चक्र परिवर्तन कर दलहन तिलहन फसल लेने किसानों को जागरूक किया। समाज कल्याण विभाग ने नशा मुक्ति पर लोगों को जागरूक किया। दोपहर तक अलग-अलग विभागों को 185 आवेदन प्राप्त हो चुके थे। शिविर में जनपद अध्यक्ष ज्योति दिवाकर ठाकुर, उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद निर्माण सभापति गिरीश साहू, जनपद वन सभापति हरि विनायक सिन्हा, सरपंच जोहन ध्रुव, जिला चिकित्सा अधिकारी यूएल कौशिक, बीएमओ डॉक्टर शारदा ठाकुर, तहसीलदार मनोज भारद्वाज,





नायाब तहसीलदार दीपेंद्र पटेल, सीईओ रोहित बोर्झा, पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, विकास विस्तार अधिकारी बीके शांडिल, वरिष्ठ कृषि अधिकारी केएस नरेटी, सहकारिता सीईओ बीएस नेताम, पीएचई एसडीओ पीएस गजेंद्र, डॉ महेश बघेल,जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मैनेजर सीबी साहू, एमएफ खान, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव, आरईएस एसडीओ संजय चंद्राकर, जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह राजपूत, एडीओ अजय प्रताप सिंह, ललित साहू, डिप्टी रेंजर डीएस साहू, वनरक्षक गौतम निषाद, बोरसी सोसाइटी प्रबंधक नेमचंद निषाद, डॉ सुनील शंखवार, सचिव नोरेंद्र निषाद, आरईओ श्रवण साहू, भगवान साहू सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आउट सोर्स विद्युत कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने की उठी मांग

**कुरुद।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ द्वारा ठेकेदार के माध्यम से संलग्न समस्त बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों जिनमें फ्यूज ऑफ कॉल, सबस्टेशन ऑपरेटर, कॉल सेंटर ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, भृत्य, वाहन चालक, फ़र्राश को दीपावली पूर्व बोनस भुगतान करवाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक को पत्र के माध्यम से निवेदन किया गया है कि नियमित कर्मचारियों के अभाव में निरंतर विद्युत आपूर्ति बनाये रखने में बाह्य स्त्रोत श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वर्ष भर निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाने वाले आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों को भी दीपावली पूर्व बोनस राशि दिलाने संबंधितों को निर्देशित करने अनुरोध किया गया है ताकि वे भी हर्षोल्लास के साथ दीपावली त्योहार मना सके। यह जानकारी क्षेत्रीय सचिव (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र व धमतरी इकाई) ने दी है।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202410130700020**
**विषय:- अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन्:- 2024-2025**

धमतरी(प.ह.नं. 00033),
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - भीखम ध्रुव,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीखम ध्रुव पिता निर्भय ध्रुव निवासी ग्राम स्टेशनपारा धमतरी तह. व जिला धमतरी द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. धमतरी तह. व जिला धमतरी स्थित भूमि 314/3 रकबा 0.02 हे./0.05 डिस. आवेदक के पिता निर्भय गोड़ पिता भावसिंह के नाम पर दर्ज है। निर्भय गोड़ की मृत्यु दिनांक 12/08/1986 को हो चुकी है। राजस्व अभिलेख में जाति गोड़ के स्थान पर वर्ग सामान्य दर्ज किया गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदित भूमि में त्रुटि सुधार करते हुए उनके विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने आवेदन छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 114, 115 के अंतर्गत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय मे नियत सुनवाई तिथि 08/11/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/10/2024 को जारी किया जाता है।

SURAJ BANCHHOR
तहसीलदार
तहसील धमतरी

# स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेलते 6 जुआरी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

बिरेझर पुलिस ने ग्राम अंवरी में स्ट्रीट लाइट के नीचे जुआ खेल रहे 6 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम अंवरी ग्राम पंचायत के सामने स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही कुछ जुआरी भाग गये, कुछ पकड़े गये। मौके पर अश्वनी जागड़े पिता झल्लू जागड़े उम्र 45 वर्ष ग्राम अंवरी के पास से 340 रूपये फड़ से 160 रूपये, रेखू राम ढीमर पिता कोदूराम ढीमर उम्र 27 वर्ष ग्राम अंवरी के पास से 250 रूपये फड़ से 150 रूपये, राजा कुमार पिता अश्वनी जागड़े उम्र 22 वर्ष ग्राग अंवरी के पास से 340 रूपये फड़ से 130 रूपये, रविन्द्र जांगड़े पिता अश्वनी जांगड़े उम्र 20 वर्ष ग्राम अंवरी के पास से 250 रूपये फड़ से 170 रूपये, विकास बघेल पिता तोरण बघेल उम्र 22 वर्ष ग्राम अंवरी के पास से 270 रूपये फड़ से 130 रूपये , कोमल साहू पिता जोहत राम साहू उम्र 40 वर्ष ग्राम नवागांव थुहा के पास से 350



रूपये फड़ से 250 रूपये कुल नकदी रकम 2690 एवं ताशपत्ती जब्त की गई। गवाहों के समक्ष जब्ती बनाई गई। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छग जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जुर्म जमानती होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर वे सभी जमानत मुचलका पर रिहा किए गए।

इस कार्रवाई में हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस एवं बिरेझर चौकी स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# हड़ताल : दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प वेंडरों ने तहसील आफिस के सामने किया प्रदर्शन

- एसडीएम कुरूद को ज्ञापन सौंपकर बताई समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छग दस्तावेज लेखक एवं स्टांप वेंडर संघ के बैनर तले स्टाम्प वेंडरों एवं दस्तावेज लेखकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। दस्तावेज और स्टांप वेंडर जगह चयनित करने, एनजीडी आरएस सिस्टम, सुगम एप में अनियमितता सहित कई समस्याओं को लेकर कुरुद तहसील ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। सभी दस्तावेज लेखकों एवं स्टाम्प वेंडरों ने एसडीएम कुरूद को ज्ञापन



दिया।

हड़तालियों ने बयाता कि प्रदेश के दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता संघ की पूर्व में प्रस्तावित हड़ताल को 15 दिन के आश्वासन पश्चात स्थगित कर दिया गया था। परन्तु मांगों पर शासन ने क्या विचार किया, यह अब तक ज्ञात नहीं हुआ है और न ही उच्च अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई के बारे में बताया गया। वहीं प्रदेश सरकार ने 21 अक्टूबर से फेसलेश, कैशलेश, पेपरलेश सुगम एप को अनिवार्य कर दिया है। इससे प्रदेश भर के दस्तावेज लेखक एवं स्टाम्प विक्रेता संघ असंतुष्ट हैं। संघ के आदेशानुसार अपने अपने तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी, जिलाधीश को इस पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई। आगे बताया कि इससे भविष्य में हम लोगों का रोजगार छीन लिया जायेगा। वे बेरोजगार हो जायेंगे। सामान्य प्रक्रिया एनजीडी आरएस से रजिस्ट्री हो रही है जिससे हम संतुष्ट हैं। भविष्य में इसी प्रक्रिया से छत्तीसगढ़ में पंजीयन कार्य किये जाने की 8 सूत्रीय मांग कर रहे हैं।

हड़ताल में संतोष बैस, महेंद्र साहू, गणेश साहू, ललित साहू, जाधव, कबीर, भूपेंद्र निर्मलकर, संजय केला, बीरेंद्र साहू, हिमाचल साहू उपस्थित थे।

# जुगदेही सोसाइटी में किसानों को 13 लाख से अधिक का ऋण वितरित

- ग्रामीणों ने रबी सीजन में धान की फसल लेने पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति जुगदेही अंतर्गत आने वाले ग्राम जोरातराई, सिलौटी, खपरी, सेमरा, तर्रागोंदी, टिपानी व जुगदेही के करीब आधा सैकड़ा किसानों को इस बार धान की जगह दलहन-तिलहन फसल लेने के लिए 13 लाख रुपये का ऋण वितरण किया गया है। वहीं ग्राम सौराबांधा के बाद जुगदेही के ग्रामीणों ने भी गांव में किसी किसान द्वारा धान की फसल





रबी सीजन में लगाई तो उसके लिए दंडित किये जाने का फैसला लिया है।

भूजल संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा किसानों को पारंपरिक खेती धान की जगह दलहन-तिलहन में मूंग, उड़द, चना, तिल, आदि फसल लेने प्रोत्साहित करते हुए शिविर लगाकर ऋण वितरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जुगदेही सोसाइटी के सात गांवों के करीब 42 किसानों को 13 लाख से अधिक का ऋण वितरित किया गया है। यह जानकारी प्रभारी समिति प्रबंधक खेमलाल साहू द्वारा दी गई है। इसमें लिपिक प्रकाश साहू एवं भगत साहू का भी योगदान रहा। किसानों को ऋण वितरण किये जाने का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ग्राम जुगदेही के किसान भोला राम साहू ने बताया कि उनके गांव के किसानों ने गांव में भूजल संरक्षण के लिए पिछले बार की तरह इस बार भी धान की फसल नहीं लेने एवं शत-प्रतिशत दलहन-तिलहन की फसल ही लेने का संकल्प किया है। इस संकल्प का अगर कोई उल्लंघन करता है तो उन्हें धान की प्रति एकड़ उपज में होने वाले मुनाफा जितना हर्जाना देने का प्रावधान ग्राम स्तर पर किया गया है। श्री साहू ने बताया कि इस फैसले पर गांव के सभी किसानों ने सहमति जताई है।

### नूतन स्कूल में होल्कर के जन्म शताब्दी पर हुई संगोष्ठी



**धमतरी।** नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक में महारानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म शताब्दी के अवसर पर 300 बच्चों के बीच संगोष्ठी, निबंध, लघु नाटिका एवं महारानी अहिल्या होलकर ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथि आदर्श शिक्षण समिति के अध्यक्ष निर्मल बरडिया, श्रीमती सरोज देवांगन महिला समन्वयक राजिम विभाग जिला संयोजिका, श्रीमती गोदावरी साहू अध्यक्ष आशा गौशाला, संतोष देवांगन थे। श्री बरडिया ने अपने उद्बोधन में वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के इतिहास की जानकारी देते हुए बच्चों को साहसिक एवं विषम परिस्थिति में धैर्यपूर्वक कार्य करने को प्रेरित किया। श्रीमती सरोज देवांगन ने लड़कियों को महारानी की वीरगाथा सुनाते हुए उन्हीं की तरह बनने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया गया। आभार व्यक्त प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी ने किया।

# जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग से सड़कों, भूमि, सिंचाई क्षेत्र की आसानी से होगी मॉनिटरिंग

- कुरूद कालेज में टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की सहायता से भौतिकी एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 'रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस टेक्नालाजी के अनुप्रयोग' विषय पर दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कृपाराम साहू विभागाध्यक्ष भौतिकी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। उदघाटन सत्र का आभार प्रदर्शन अमित टण्डन सहायक प्राध्यापक भूगोल ने किया।





भूगोल विभाग के अध्यक्ष एमएस साहू ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विज्ञान की लाभप्रद चीजों को व्यावहारिक जीवन में किस प्रकार से प्रयोग में लायें यह बताना है जिससे समाज, विज्ञान की तकनीकों का अधिक से अधिक उपयोग करें और उसका लाभ उठायें। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में पी. कविश्वर साइंटिस्ट ई छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर ने पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस टेक्नालाजी के अनुप्रयोग के बारे में बताया। अखिलेश त्रिपाठी साइंटिस्ट डी ने जीआईएस के कृषि के क्षेत्र में अनुप्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जीआईएस की सहायता से फसल क्षेत्र, सिंचाई, फसल नुकसान की आसानी से मॉनिटरिंग की जा सकती है। डॉ. तृषा डे सहायक प्राध्यापक भूगोल शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा नवापारा ने कहा कि जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग एक पावरफुल टूल है जिसकी सहायता से सड़कों, भूमि, सिंचाई क्षेत्र, नहरों एवं जल स्त्रोतों की मॉनिटरिंग आसानी से की जा सकती है। डा. एके पाठक साइंटिस्ट डी ने सीजीकास्ट द्वारा आयोजित यंग साइंटिस्ट और बाल वैज्ञानिक पुरस्कार के बारे में बताया।

इस अवसर पर रंगोली एवं मॉडल प्रतियोगिता भी हुई। रंगोली में हेमप्रभा साहू प्रथम, भूमिका द्वितीय एवं डाली साहू तृतीय रही। मॉडल प्रतियोगिता में राजेश्वरी साहू प्रथम टेमन साहू दूसरे स्थान एवं प्रमिला निषाद तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर प्राचार्य डा. डीके राठौर, डा. डीआर चौधरी प्राचार्य नारायण राव मेघावाले शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी सहित कुरूद कालेज के प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष हितनारायण टंडन तथा आभार प्रदर्शन लीना दिली सहायक प्राध्यापक भौतिकी ने किया।

### छत्तीसगढ़ उपभोक्ता सेवा संघ ने सीएम से राशि दिलाने की मांग की

# नगरी ब्लाक के 41218 निवेशकों की राशि कंपनियों में जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

छत्तीसगढ़ उपभोक्ता सेवा संघ ब्लाक नगरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से विभिन्न कंपनियों में फंसी रकम को दिलाने की मांग की है। सिहावा छत्तीसगढ़ उपभोक्ता सेवा संघ नगरी ब्लाक के संरक्षक मनोज प्रजापति एवं सहसचिव चंदन लाल साहू ने बताया कि नगरी ब्लाक के 41218 निवेशकों की 86,60,51,942 राशि जमा है। नगरी एक आदिवासी क्षेत्र है। यहां कमार, भुजिया एवं पिछड़ी जनजाति के लोग ज्यादातर लोग



निवासरत हैं जिन्होंने अपने खून पसीने की कमाई के पैसे को विभिन्न कंपनियों में जमा किया है। किसी ने अपने बेटे बेटियों की शादी, किसी ने बच्चे की उच्च शिक्षा, किसी ने मकान बनाने के लिए, बूढ़े मां बाप के सहारा के लिए जमा किया है। जमा पैसा की वापसी की मांग पिछले दस वर्षों से जारी है लेकिन अभी तक किसी को पैसा नहीं मिला है। समय पर जमा पैसा नहीं मिलने से कई लोग मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। कई लोग आत्महत्या भी कर चुके हैं। कई लोग घर से बेघर हो गए हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आग्रह किया है कि मोदी जी के गारंटी संकल्प पत्र क्रमांक 17 में किए गए वादे के अनुसार निवेशकों का जमा पैसा अतिशीघ्र दिलाएं।

**Pride of Dhamtari**




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## त्योहारी सीजन में बाजार में बढ़ी भीड़, लग रहा जाम

# यातायात व्यवस्थित करने में जुटी निगम व पुलिस टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दीपावली त्योहार के मद्देनजर बाजार में यातायात व्यवस्थित करने निगम व पुलिस की टीम संयुक्त रूप से सड़क पर उतरकर अस्थायी व्यवसाय करने वाले फुटकर विक्रेताओं को व्यवस्थित किया एवं सड़क तक सामान न फैलाने की चेतावनी दी। इस कार्रवाई में उपायुक्त पीसी सार्वा विशेष रूप से उपस्थित थे। बुधवार को हुई इस कार्रवाई में टीम ने सदर बाजार, अम्बेडकर चौक से लक्ष्मी निवास, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर चौक आदि स्थानों पर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया।

श्री सार्वा ने बताया कि त्योहार को देखते हुए बाजार में रोजाना भीड़ बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र से लोग खरीदारी करने बड़ी संख्या में शहर पहुंच रहे हैं। इसी के साथ-साथ फुटपाथी अस्थायी दुकानदारों की संख्या भी बढ़ गई है। सड़क किनारे दुकान लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। फुटकर व्यवसायी अपना सामान सड़क तक फैलाकर व्यवसाय कर रहे हैं। इस वजह से सड़क संकरी होती जा रही है। जिला प्रशासन व आयुक्त के निर्देश पर बाजारों को व्यवस्थित करने निगम व पुलिस की टीम बनाई गई है जो प्रतिदिन सड़क पर उतरकर बाजार को व्यवस्थित करने में लगी है। फुटकर व्यवसायी व स्थानीय दुकानदारों को सड़क तक सामान नहीं फैलाने व वाहनों को चिन्हांकित जगहों पर पार्किंग करने की हिदायत दी जा रही है। बाजार में भीड़ को देखते हुए पुलिस की टीम ने चारपहिया वाहनों का सदर में प्रवेश निषेध किया है।

## कन्या महाविद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

# जीवन में पिता, गुरु व ईश्वर के ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकते

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि मदन मोहन खण्डेलवाल समाजसेवी, प्रो. आरके साहू सेवानिवृत्त प्रोफेसर पालीटेक्निक कालेज, डॉ. सतीश साहू सेवानिवृत्त उप चिकित्सक स्वास्थ्य विभाग, सियाराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने की। अतिथि उद्बोधन में समाज सेवी श्री खण्डेलवाल ने बताया कि पहले बालिकाएं उच्च शिक्षा लेने के लिए घर से नहीं निकलती थीं। घर-घर जाकर परिवार जनों व बच्चों से बात कर कालेज पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। धमतरी में कन्या महाविद्यालय खोलने के लिए बहुत अधिक मेहनत की गई तब कहीं 1995 में बालिकाओं के लिए पृथक महाविद्यालय खुला।

सियाराम साहू ने कहा कि विद्यालय एवं महाविद्यालय सच्चा व्यक्ति बनाने का केन्द्र बिन्दु है। जीवन में माता-पिता, गुरू व ईश्वर के ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकते। डॉ. आरके साहू ने कहा कि मानव जीवन सदैव संघर्ष से भरा रहता है, जितना समाज को निखारोगे उतना खुद निखरोगे। डॉ. सतीश साहू ने विद्यार्थी और शिक्षक के रिश्ते को पिता पुत्र का रिश्ता बताया। हमेशा गुरूजनों, माता-पिता, वरिष्ठजनों का सम्मान करने की बात कही। प्राचार्य डॉ. चौधरी ने कहा कि यह क्षण गौरवशाली है। महाविद्यालय में उन प्रतिष्ठित लोगों का आगमन हुआ जिन्होंने अपना सर्वस्व जीवन जन सेवा में समर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रोहिणी मरकाम एवं आभार प्रदर्शन सतीश साहू ने किया।

# डोमार सिंह पुनः ब्लॉक संयोजक बनाए गए

- छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी का हुआ पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी की समीक्षा एवं पुनर्गठन बैठक हुई। मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान महंगाई भत्ता तथा गृह भाड़ा भत्ता सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर किए गए चरणबद्ध आंदोलन की समीक्षा की गई। तत्पश्चात फेडरेशन की जिला संगठन की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी का पुनर्गठन किया गया। दिनेश साहू जिलाध्यक्ष वन कर्मचारी संघ पर्यवेक्षक तथा निर्देशन में पुनर्गठन की कार्रवाई की गई। फेडरेशन के ब्लॉक संयोजक के पद पर व्याख्याता डोमारसिंह ध्रुव पुनः मनोनीत किए गए। महासचिव गिरीश जायसवाल प्रधानपाठक, कोषाध्यक्ष एमके बोर्झा अध्यक्ष छग शिक्षक संघ बनाए गए। प्रवक्ता केपी साहू प्रधानपाठक चुने गए। उपाध्यक्ष यशवंत साहू वन विभाग, विजय गेंडरे तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, सुरेंद्र साहू जल संसाधन विभाग, तरुण साहू स्वास्थ्य संयोजक संघ, बुधराम नेताम पंचायत विभाग, अशोक साहू लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, जोहन नेताम व्याख्याता डाइट, सचिव डीपी ताम्रकार शिक्षा विभाग, सहसचिव संजीव निर्मलकर स्वास्थ्य विभाग, संजय रेड्डी शैक्षिक समन्वयक, विजय मरकाम राजस्व विभाग, सुरेंद्र लोन्हारे शिक्षा विभाग बनाए गए हैं।


डोमारसिंह ध्रुव


गिरीश जायसवाल


एमके बोर्झा

# त्योहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने गुंडा-बदमाशों की ली परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





दीपावली त्योहार को ध्यान में रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने शहर के गुंडा-बदमाशों व निगरानी बदमाशों की कोतवाली में परेड लेकर शांतिपूर्ण रहने की कड़ी चेतावनी दी।

पुलिस विभाग ने दीपावली त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने की तैयारी शुरू कर दी है। एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देश पर एएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा जिले के थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश, गुंडा-बदमाश व माफी बदमाशों को थाने में बुलाकर चर्चा कर शांतिपूर्ण समाज में रहने की चेतावनी दी गई। समाज में रहकर अच्छा कार्य करें। उनका आचरण अच्छा रहा तो उन्हें माफी में लाया जा सकता है। डीएसपी सुश्री नेहा पवार ने निगरानी गुंडा-बदमाशों से चर्चा कर अच्छा कार्य कर समाज में रहने की समझाइश दी। भविष्य में अपनी आदतों में सुधार नहीं करने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। इसके साथ ही थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र के बदमाशों एवं अड्डेबाजी करने वाले लोगों के विरूद्ध सघन कार्रवाई करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। वहीं थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक व माइनर एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेजे जाने निर्देशित किया गया। आगामी चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्रों के संवेदनशील इलाकों तथा व्यस्तम क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

इस कार्रवाई में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, डीएसपी नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, अर्जुनी प्रभारी सन्नी दुबे, एसआई लक्ष्मीकांत शुक्ला, रूद्री थाना से एएसआई भीष्म अवस्थी सहित तीनों थाना के अधिकारी-कर्मचारियों का योगदान रहा।

## शिविरार्थियों को दी व्यावसायिक करियर की जानकारी

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कातलबोड़ में आयोजित है। शिविर के तीसरे दिन दिनचर्या का पालन करते हुए स्वयंसेवकों ने प्रभातफेरी निकलाते हुए गीत एवं नारों से ग्रामवासियों को विभिन्न विषयों पर जागरूक किया। पीटी एवं कराटे ट्रेनिंग के दौरान पंच, लोवर ब्लाक, अपर ब्लाक तथा मिडिल ब्लाक सीखा। योग प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर एवं मीरा निर्मलकर ने योग अभ्यास एवं भजन कराया। परियोजना कार्य के दौरान कार्यालय ग्राम पंचायत कातलबोड़ के राजीव भवन माध्यमिक शाला की साफ सफाई, सूखे झाड़ एवं घास की छिलाई की गई। स्वयंसेवकों ने माध्यमिक शाला में सोखता गड्ढा बनवाने में अपना योगदान दिया। बौद्धिक सत्र के मुख्यवक्ता महेश केला, दीपक अग्रवाल, विजय केला, पप्पू केला एवं भोजराज चंद्राकर थे। सभी ने व्यवसाय और उद्योग जगत में अपने अनुभव और विशेषज्ञता पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# बोड़रा में 21 लाख के तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बोड़रा (सम्बलपुर) विधायक ओंकार साहू ने 21 लाख के तीन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। यादव भवन के प्रथम तल में सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के लिए भवन निर्माण, उपस्वास्थ्य केंद्र से लोमस घर तक सीसी रोड का निर्माण होगा। मौके पर ओंकार साहू ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इन आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महतारियों की देखभाल, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा से जुड़े काम होते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा बच्चों को बेहतर पोषण, स्कूल की शुरुआती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी जाती है।

इस दौरान सरपंच उकेश्वरी साहू, पूर्णिमा बनपेला जनपद सदस्य, उपसरपंच ईश्वर साहू, प्रीतम साहू विधायक प्रतिनिधि, हरिश्चंद्र साहू, कीरतू यादव, फल्लेश साहू, गणेश्वर, हंसराज, ललिता, ताराबाई, बोधन, पूनम, चंदूलाल, भारती जोहत्रि, श्यामलाल कुमारी बाई, चंद्रकला, जागेश्वर, गायत्री, गीता नागर्ची समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीईओ ने वर्तमान में शिक्षा के गिरते स्तर पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- समारोह में 93 शिक्षकों को किया गया सम्मानित



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विकासखंड एवं तहसील इकाई नगरी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 93 शिक्षकों को सेवानिवृत शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मान दिया गया।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी टीआर.जगदल्ले थे। अध्यक्षता शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्राकार ने की। विशेष अतिथि सहायक जिला परियोजना अधिकारी देवेश कुमार सूर्यवंशी, सहायक संचालक लक्ष्मणराव मगर ,विकासखंड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी माहेश्वरी ध्रुव तथा सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षिकाए थे। सेवानिवृत शिक्षकों की ओर से पूर्व संभागीय उपाध्यक्ष एपी वर्मा एवं विकासखंड नगरी के शिक्षक संघ के पूर्व सचिव बीए साहू , पूर्व प्राचार्य केएल यादव तथा जीवन नाहटा थे। मुख्य अतिथि श्री जगदल्ले ने वर्तमान परिवेश में शिक्षा के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने राष्ट्र हित, छात्र हित, शिक्षा हित पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सेवानिवृत्त सभी शिक्षकों को शाल ,श्रीफल, मोमेंटो व गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक संघ विकासखंड कुरूद व धमतरी के अध्यक्ष व जिले से आए हुए तीन सेवानिवृत शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन विकासखंड अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोरझा ने किया।

जिलाध्यक्ष नवीन चंद्राकार ने शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की तथा नए सदस्यता अभियान पर विशेष रुप से जोर दिया। कार्यक्रम में महेश्वर सिंह जयसिंधु सचिव, राजेश कश्यप, सहसचिव गिरीश जायसवाल, शेष कुमार सोम ,चंद्रप्रकाश कश्यप, चंद्रहास शांडिल्य तथा विकासखंड के शिक्षकों ने योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी व्याख्याता ने किया।

## कॉम्पटेक महाविद्यालय में हुई क्विज प्रतियोगिता

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पीजीडीसीए,बीसीए, बीकॉम के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 20 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जिसमें चार टीमें बनाई गई। प्रतियोगिता में पीजीडीसीए की देविका साहू, रूपेश साहू, बीसीए के प्रशांत साहू, यश साहू व बीकॉम के मोहम्मद वसीम की टीम को विजयी घोषित किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर, विज्ञान, कंप्यूटर व स्पोर्ट्स से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं तथा ऑडियंस द्वारा दिये गये।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



## अंचल की खबरें

### हिंदू जागरण मंच ने सिर्वे में ली युवाओं की बैठक



**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरूषोतम निषाद ने ग्राम सिर्वे में युवाओं की बैठक लेकर मंच के प्रमुख आयाम एवं उद्देश्यों को बताया। हिंदुओं को जागृत करना, संगठित करना, सक्रिय करना इन लक्ष्यों को लेकर युवाओं को दायित्व का बोध कराया गया। मौके पर पिंकेश्वर साहू, खिलेश्वर चक्रधारी, टीकम निषाद, सोनजीत साहू, संजय साहू, चंद्रहास यदु, गौरव साहू, यजेंद्र साहू, प्रवीण निर्मलकर, पेमन साहू, पवन निर्मलकर, परमेश्वर साहू, यशंवत साहू, रंजीत साहू, जनेंद्र शर्मा, इंद्रेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, उमेश साहू, अर्पित बैसवाड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

### सशिमं में होल्कर की जयंती पर व्याख्यानमाला





**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल आमातालाब धमतरी में देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रि शताब्दी जन्म जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित हुई जिसमें मुख्य वक्ता व आयोजन समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा एवं नगर अध्यक्ष श्रीमती लीना भारती सिन्हा ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं उनके कार्यों, उपलब्धियों का वर्णन किया। मौके पर सचिव श्रीमती योगिता कंवर, मीडिया प्रभारी नीलेश राजा, राकेश जाधव, प्राचार्य महेश कुमार सपहा व समस्त आचार्य मौजूद थे।

### ब्राम्हणपारा वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण



**धमतरी।** ब्राम्हणपारा वार्ड में सामुदायिक भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन, एमआईसी सदस्य राजेश पांडे, केंद्र कुमार पेंदरिया, कमलेश सोनकर ने किया। इस अवसर पर महापौर श्री देवांगन ने कहा कि ब्राम्हणपारा वार्ड में सामुदायिक भवन लोकार्पण के बाद वार्डवासियों को मांगलिक और अन्य कार्यक्रम के लिए सहूलियत होगी। इस दौरान राजू सोनी, शारदा सोनी, अमृत कौशिक, रामभाउ सारथी, रामकली सारथी, विरेन्द्र ढीमर, श्रवण ढीमर, दिलीप सोनकर, रुज्जूलाल नामदेव, रेखा नामदेव, शुभम सोनी, अन्ना, सतोष साहू, मीरा ढीमर, देवनारायण ढीमर, रवि साहू सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### छात्रों को परोसी गई खीर, पूड़ी



**डांडेसरा।** शासकीय प्राथमिक शाला रेलवे स्टेशनपारा चरमुड़िया में पदस्थ शिक्षक दीपक निर्मलकर ने अपने जन्मदिन पर शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को खीर, पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर शाला की प्रधानपाठिका गायत्री चंद्राकर, शिक्षक चमन लाल साहू, रसोईया सुशीला निर्मलकर, सहायिका सोहद्रा भोई, सफाई कर्मचारी डागेश्वर पटेल उपस्थित थे।

### एनसीसी कैडेटों को मत्स्य संपदा योजना की जानकारी दी



**धमतरी।** पीजी कॉलेज धमतरी की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता जुलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद कुमार साहू ने एनसीसी कैडेट्स को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के उद्देश्य, महत्व, उपलब्धियों, जलीय खेती, जीवों के प्रजनन पालन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, जेसीओ जगदीश 27 बटालियन रायपुर एवं महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट उपस्थित थे।

### खरेंगा में शहीद मनीष की स्मृति में बनेगा बलिदान स्मारक

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा के शहीद मनीष नेताम की द्वितीय पुण्यतिथि से पहले उनकी स्मृति को अमर करने के लिए शहीद स्मारक भूमि का भूमिपूजन किया गया। श्रद्धांजलि समारोह में भूतपूर्व सैनिक रामचंद्र देवांगन शामिल हुए। ज्ञात हो कि मनीष नेताम ने भारतीय सेना की मराठा रेजिमेंट में अपनी सेवाएं देते हुए लेह-लद्दाख की दुर्गम सीमा पर माइनस 20 डिग्री तापमान में भी अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। 28 दिसंबर 2022 को मां भारती की रक्षा करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दिया। इस अवसर पर रामचंद्र देवांगन ने कहा कि मनीष नेताम का बलिदान केवल एक व्यक्तिगत संघर्ष नहीं था, बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति उनकी अपार निष्ठा और समर्पण का प्रतीक था।

---

सेमरा (सि) में अनोखे तरीके से मनाई जाती है दीपावली

# आज मनेगी दिवाली, कल होगी गोवर्धन पूजा

### त्योहार मनाने दूर-दूर से पहुंचते हैं लोग, होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

धमतरी जिले के ग्राम सेमरा (सि) गांव में दीवाली पर्व की शुरुआत हो गई है। सप्ताह भर पहले त्योहार मना लेने के अपनी वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार ही रात में गौरा जागरण की रस्म अदायगी के साथ आज की रात मां लक्ष्मी की पूजा व दूसरे दिन गोवर्धन पूजा होगी। गांव में विविध कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

पूरे देश में दिवाली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी लेकिन धमतरी जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर भखारा तहसील के सेमरा-सि में पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार ग्रामीण 24 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा व 25 अक्टूबर को गोवर्धन



पूजा कर दीपोत्सव मनाएंगे। गौरा-गौरी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। गांव में सुख-समृद्धि बनी रहे यही सोचकर इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पर्व के दोनों दिन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 24 अक्टूबर गुरुवार लक्ष्मी पूजा की रात कका भतीजा



(सराईपाली) तथा 25 अक्टूबर को संगी जहुरिया नाचा पार्टी बिलईडबरी (बलौदाबाजार) का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। दीपावली पर्व मनाने के बाद यहां के ग्रामीण निर्धारित तिथि अनुसार धनतेरस व नरक चतुर्दशी पर दीप जलाएंगे।

### ग्राम देवता सिरदार को प्रसन्न करने चली आ रही परम्परा

किवदंती के अनुसार लगभग 1200 जनसंख्या वाले इस गांव में सैकड़ों साल पहले एक बुजुर्ग आया और यहीं बस गया। उनका नाम सिरदार था। गांववालों को उनमें आस्था थी इसलिए ग्राम देवता के रूप में उनकी पूजा-अर्चना की गई। उनके ही कहने पर चार प्रमुख त्योहारों को गांववालों ने निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले मनाने की शुरुआत की। तब से यह सिलसिला जारी है। इसमें आसपास के गांवों के साथ- साथ बालोद जिले के ग्राम अरकार, बोहारा, हसदा, भिरई, पलारी, डोटोपार, सनौद, पड़कीभाट, कोसागोंदी सहित 40 गांव के लोग सेमरा पहुंचते हैं। ग्रामीण सुधीर बल्लाल, चन्द्रहास, सिन्हा, पंडित ओमप्रकाश तिवारी, घनश्याम देवांगन आदि ने कहा कि पूर्वजों के जमाने से चली आ रही परंपरा को आगे भी कायम रखेंगे।

### अनहोनी से बचने पहले ही मना लेते हैं त्योहार

ग्रामीण कामता निषाद, उमेश देवांगन, गजेंद्र सिन्हा ने बताया कि दीपावली के अलावा हरेली, होली, पोला कुल चार पर्व एक सप्ताह पहले मनाते हैं। सबसे पहले सिरदार देव की पूजा करते हैं। फिर त्योहार मनाते हैं। वैसे तो पर्व मनाने के पीछे कई कारण है। एक साथ त्योहार मनाने से अनहोनी घटनाएं होने की आशंका रहती हैं। इसलिए पहले ही मना लेते हैं। परंपरा अनुसार बरसों से लक्ष्मी पूजा यानी दीपावली और गोवर्धन पूजा पहले और धनतेरस, नरक चतुर्दशी जब सभी गांव के लोग मनाते हैं, तब मनाया जाता हैं।

---

## निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 27 को

**धमतरी।** छग राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में जारी नगर पालिका निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुछ जिलों द्वारा निर्वाचक नामावली के संबंध में दावा, आपत्ति प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। जिलों से प्राप्त अनुरोध पर आयोग द्वारा विचार उपरांत पूर्व में दावा आपत्ति प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 1 सप्ताह की वृद्धि की गई है। जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर बुधवार की दोपहर 3 बजे तक तथा दावा आपत्ति के निपटारे की अंतिम तारीख शुक्रवार 8 नवंबर निर्धारित की गई है।

इसी तरह प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 8 नवम्बर तक तथा प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराक्ररण करने की अंतिम तिथि मंगलवार 12 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। इसके साथ ही दावा आपत्ति के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर तथा परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में बुधवार 20 नवम्बर तक, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पी.डी.एफ. मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना शुक्रवार 22 नवम्बर तक एवं अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना सोमवार 25 नवम्बर तक निर्धारित किया गया है। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन बुधवार 27 नवम्बर को किया जाएगा।

## जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने फसल चक्र परिवर्तन जरुरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जिला प्रशासन की पहल पर ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसलों को लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। ग्राम सांकरा के मानस भवन में कृषक जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के अतिथि सुलोचना साहू जनपद सदस्य, शशि ध्रुव सरपंच सांकरा, दुर्गेश्वरी ध्रुव सरपंच भोथली, गिरवर भंडारी, सोहन पटेल, किशोर ध्रुव, आकाश निर्मलकर ग्राम सेवक थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने फसल चक्र परितर्वन बेहद जरूरी है। खुशी की बात है कि जिले के किसान फसल चक्र परिवर्तन के लिए सामने आ रहे हैं। जिले में गिरते भूजल स्तर में कमी लाने फसल चक्र परिवर्तन आज की मांग है।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज, ऋण एवं आवश्यक परामर्श और सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। धान की फसल में अधिक पानी, मेहनत, समय की जरूरत होती है, जबकि दलहन, तिलहन और नगदी फसलों में पानी, समय और मेहनत की बचत होती है। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी मदन सेन सचिव सांकरा ने दी है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक वरदान : मोटवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का स्वागत करते हुए पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि यह योजना से बिजली बिल की बचत होगी। उर्जा को संरक्षित करने के लिए एक वरदान है। हम सब स्वयं अपने घरों में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन देश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी निभाएंगे। श्री मोटवानी ने सभी से इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। गौरतलब है कि इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु निगम सभागार में कार्यशाला आयोजित कर संवर्धन करने के लिए जानकारी दी गई। यह कार्यशाला कलेक्टर नम्रता गांधी सहित जनप्रतिनिधियों व नागरिक की उपस्थिति में हुई।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का किया एकत्रीकरण

**धमतरी।** पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधियां संचालित की गई। इकाई क्रमांक 1 के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय निर्गम मार्ग, ग्रन्थालय, कैंटीन, आईटी बिल्डिंग के समीप के क्षेत्र से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई की गई। इकाई क्रमांक 2 के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में प्रवेश मार्ग, खेल विभाग बिल्डिंग, काउंटर, पार्किंग क्षेत्र एवं मुख्य मार्ग की सफाई की। जिसमें उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक, खरपतवार, कटीले पौधे, सूखे अपघटन हेतु योग्य पत्ते एवं प्लास्टिक बैग की सफाई कर एकत्रित किया गया।

## पुलिस नाबालिग बच्चों के जेब की चेकिंग कर नशे का सामान मिलने पर करें कार्रवाई



- समाजसेवी दीपक ठाकुर और उनकी टीम ने अरौद में नशे के खिलाफ चलाया अभियान
- सामाजिक बुराइयों को मिटाने ग्रामीणों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर और उनकी टीम ने ग्राम अरौद में नशे के विरुद्ध अभियान चलाया। ग्राम की महिलाओं के साथ मिलकर इस सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हुए। इसी क्रम में 22 अक्टूबर को महाराणा प्रताप गार्डन विवेकानंद नगर में उन्होंने बैठक ली और नशे जैसी बुराई को समाज से कैसे दूर करें, इस पर चर्चा की गई।

मौके पर अभिषेक मिश्रा, डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, आशीष मिश्रा, अमित सोना, गोपाल, आयुष दिवान, पुलकित, हिमांशु, एकनाथ साहू, सत्यम सिन्हा, शौर्य चंद्राकर, देवेंद्र साहू, मीराबाई ध्रुव, अश्विनी पुनियाबाई, रहिमत हेमिन, जोहनी, नीरा जौहतरी, पुनीता, मुक्ति एवं रामबाई उपस्थित थे। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि घर गृहस्थी की मुख्य बागडोर माताओं के हाथों में होती है। वे अपने घर के पुरुषों को नियंत्रित करें और थोड़ा भी संदिग्ध हालात होने पर तुरंत नशा मुक्ति केंद्रों का सहयोग लें।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि नाबालिग बच्चों की जेब की चेकिंग शुरू करें। अगर नशे का सामान या अवैध हथियार मिले तो उन पर तत्काल कार्रवाई करें। एक समृद्ध और खुशहाल समाज के निर्माण के लिए प्रशासन के साथ सामाजिक संगठन के सहयोग की भी आवश्यकता होती है।

## शिक्षा से ही होगा बेहतर कल का निर्माण : ओंकार



- बारना में विधायक ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बारना में युवा फ्रेंड क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विधायक ओंकार साहू ने कहा कि युवा पीढ़ी नशे से बचकर शिक्षा, खेलकूद, कौशल विकास में ध्यान केंद्रित करें। यह उत्साह केवल आयोजन तक ही सीमित न हो इसका विस्तार बारना गांव के विकास में भी हो। यहां के युवाओं की भूमिका समाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहे।

ग्राम बारना सब्जी उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है। उन्होंने गांव-गांव में बढ़ती नशाखोरी एवं अपराध पर चिंता जताते हुए युवा वर्ग को इससे बचने की सलाह देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल उन्नयन के रास्ते से ही हम बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम साहू, अशोक साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, रूपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समित, यमराज पटेल, भूपेंद्र पटेल जनपद सदस्य प्रतिनिधि, मोहित साहू, धर्मेंद्र पटेल उपाध्यक्ष एनएसयूआई धमतरी ग्रामीण, दिनेश साहू पूर्व सरपंच सेमरा, दौलत साहू उप सरपंच, मोती ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, कमलेश बघेल पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, हिरामन प्रजापति, भरत निर्मलकर, अश्वनी पटेल, ढालू राम साहू , खिलावन प्रजापति समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सहकारी आंदोलन हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है : डा. दीक्षित



- सहकार से समृद्धि विषय पर चिंवरी में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहकार से समृद्धि विषय पर को-ऑपरेटिव बैंक शाखा मरौद से संबद्ध चार पैक्स समितियो के कृषकों हेतु एकदिवसीय संगोष्ठी पैक्स परिसर चिंवरी में जिला सहकारी संघ द्वारा आयोजित की गई। मुख्य वक्ता डॉ एएन दीक्षित पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज धमतरी, बसंत साहू पूर्व प्राधिकृत अधिकारी पैक्स चिंवरी, खुमान साहू पूर्व अध्यक्ष पैक्स चिंवरी, मल्लू राम यादव पूर्व उपाध्यक्ष पैक्स चिंवरी, गुल्फी राम साहू पूर्व शाखा प्रबंधक कोऑपरेटिव बैंक मगरलोड, श्यामलाल साहू वरिष्ठ कृषक, हरेंद्र साहू सरपंच प्रतिनिधि चिंवरी, पैक्स अंवरी प्रबंधक हनुमान सिन्हा, पैक्स चिंवरी प्रबंधक चंद्रहास साहू, पैक्स थूहा प्रबंधक भंवरलाल साहू, संघ प्रबंधक आनंद प्रकाश गुप्ता, पैक्स कोड़ेबोड़ कमल सिन्हा थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ दीक्षित ने कहा कि सहकारी आंदोलन हमारी अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। हमारी ग्रामीण कृषि व्यवस्था रक्तवाहिनी नसों के समान है। सहकारी समितियां समान हित रखने वालों लोगों का एक स्वैच्छिक संगठन है।

सहकार से समृद्धि अंतर्गत सरकार ने महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, उनमें प्रमुख रूप से सहकारिता का राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना है। इस प्रकार नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति का प्रारूप तैयार करने हेतु एक समिति का गठन कर दिया गया है। वर्ष 2022-23 में 3287 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और 2,01,500 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। यह परिषद देश की 12 भाषाओं में सहकारिता संबंधी लेख और जानकारी प्रकाशित कर लोगों तक पहुंचाती है। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक श्री गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन चिंवरी पैक्स प्रबंधक चंद्रहास साहू ने किया।

---

अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को दी जायेगी महत्वपूर्ण जवाबदारी : संपत

# छग कांग्रेस सहप्रभारी ने बंद कमरे में कार्यकर्ताओं से की वन टू वन मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सहप्रभारी एसए संपत कुमार राजीव भवन पहुंचे जहां कांग्रेसियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से बंद कमरे में वन टू वन मुलाकात की। संगठन का हाल जाना। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने बताया कि तीन में से दो विधानसभा में कांग्रेस की बड़ी जीत हुई। आने वाले चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत से विजय



हासिल करेंगे।

प्रभारी कुमार संपत ने कहा कि आज महिलाओं की सुरक्षा पर सवालिया निशान बन गया है। छत्तीसगढ़ में विगत 9 माह में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ा है। आने वाले समय में नगरी निकाय और पंचायत चुनाव होने हैं। एक बार फिर कार्यकर्ताओं को अपनी जवाबदारी समझकर इन चुनाव में जीत हासिल करनी है। कार्यकर्ता पार्टी और संगठन की जान है। आने वाले समय में अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण



जवाबदारी सौंपी जाएगी। धमतरी विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने हर चुनाव में अपना सर्वस्व दिया है। आने वाले चुनाव में फिर से एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशियों को विजय बनाएं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा एवं आभार प्रदर्शन जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने किया।

मौके पर महासमुंद लोकसभा प्रभारी सकलेन कामदार, जिला कांग्रेस संगठन प्रभारी विनोद तिवारी, विधानसभा प्रभारी अश्वनी राजपूत, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, डॉ लक्ष्मी ध्रुव, लेखराम साहू, मोहन लालवानी, विपिन साहू, पंकज महावर, तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, मनीषा साहू, तपन चंद्राकर, कविता बाबर, सुमन साहू, घनश्याम साहू, राजू साहू, डीहूराम साहू, घामेश्वरी साहू, नरेंद्र सोनवानी, होरीलाल साहू, वसीम कुरैशी, कृष्णा मरकाम, सूर्यप्रभा चेटियार, हितेश गंगवीर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


मेरा स्वराज अब हो गया
नया स्वराज
अब स्वराज ट्रेक्टर नये एवं
खूबसूरत स्टाईल में
क्या आप जानते हैं कि
अब स्वराज ट्रेक्टर के
सभी मॉडल में साईड गीयर\
व फोर व्हील ड्राईव भी उपलब्ध
SINCE 1974
www.swarajtractors.com
मेरा SWARAJ
963 FE
6 YEAR WARRANTY
नया स्वराज
अब पहले से
ज्यादा सी सी पावर एवं
ज्यादा हाईड्रोलिक क्षमता
के साथ
किसान भाईयों को
पुष्य नक्षत्र, धनतेरस
एवं दीपावली की
हार्दिक बधाई
843 XM
744 FE
8200 EX
प्री बुकिंग करें व दीपावली पर
5 ग्राम सोने का सिक्का
पेश है नया
स्वराज
8200
हार्वेस्टर
पेश है नया
स्वराज
ड्यूरावेटर
VLX PLUS
31,999*
लाएं रोटावेटर ले जाएं
51,000*
लाएं थ्रेसर ले जाएं
पेश है नया
स्वराज
मल्टीक्रॉप
थ्रेसर
छत्तीसगढ़ ट्रैक्टर्स
रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी
87704483854, 9425512494
अधिकृत विक्रेता - स्वराज ट्रैक्टर्स
नगरी 7987904612
मगरलोड 9669923332
कुरूद 8770483854
* यह ऑफर छत्तीसगढ़ राज्य के स्वराज डीलर के सौजन्य से, स्टॉक सीमित रहने तक उपलब्ध। * यह योजना एक्सचेंज पर लागू नहीं एवं रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेन्स अतिरिक्त। * नियम एवं शर्तें लागू। * 834XM मॉडल, मकेनिकल स्टेयरिंग

# धरना स्थगित हुआ है ना की मुद्दे, वेटलैंड जमीन को बेचने नहीं देंगे : अजय

- विधायक ने प्रेसवार्ता में बताई धरना स्थगित करने की वजह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धरना स्थगित होने का मतलब यह नहीं है कि मुद्दे स्थगित हुए। राष्ट्रीय नेतृत्व व मुख्यमंत्री के आश्वासन पर धरना स्थगित हुआ है, मुद्दे नहीं। नगर की धरोहर वृंदावन सरोवर की संरचना को बनाये रखने वेटलैंड की जमीन को हम बेचने नहीं देंगे। उक्त बातें विधायक अजय चंद्राकर ने कुरुद नगर प्रशासन के खिलाफ किए जाने वाले धरना के स्थगित होने पर प्रेस वार्ता आयोजित कर कही।



बुधवार को नगर पंचायत कुरूद प्रशासन द्वारा नगर की धरोहर वृंदावन सरोवर को चौपाटी बनाकर उसकी संरचना को बेचने और बिगाड़ने के खिलाफ होने वाले धरना प्रदर्शन के स्थगित किए जाने की जानकारी प्रेस वार्ता में देते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि वृंदावन तालाब को नुकसान पहुंचाकर चौपाटी बनाकर बेचा जा रहा है। अवैध तरीके से निर्माण हो रहा है। नियम विरुद्ध तरीके से कुरूद नगर पंचायत कार्य कर रही है। इसके विरोध में जन भावनाओं के अनुरुप भाजपाइयों व अन्य नगरवासियों द्वारा दो घंटे का मौन धरना दिया जाना था, लेकिन उक्त धरने को स्थगित किया गया। उन्होंने कहा कि पानी के नीचे की जमीन को वेटलैंड कहा जाता है। वृंदावन सरोवर भी वेटलैंड के अन्तर्गत आता है जिसकी निगरानी स्वयं सुप्रीम कोर्ट करती है।

प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वय ज्योति चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, आनंद यदु, कुलेश्वर चंद्राकर, श्याम साहू आदि नेतागण मौजूद थे।

## भाजपा अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में लगायेगी

अजय ने कहा कि कुरुद में वेटलैंड की जमीन को बेचा जा रहा है और आश्चर्य है कि प्रशासन भी इस पर मौन है। इस संबंध में राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रदेश प्रभारी नीतिन नबीन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा की और उन्हें अवैध तरीके से निर्माण व वेटलैंड जमीन को बेचने की जानकारी दी। इस पर उचित त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने बताया कि न सिर्फ कुरूद बल्कि जिले में कई अवैध कार्य हो रहे हैं और विडम्बना है कि वैध कार्यों के लिए नियम कायदे बताये जा रहे हैं और अवैध कार्यों को वैध बताया जा रहा है। धमतरी जिले को ऐसे कार्यों से बदनाम होने नहीं देंगे। भाजपा कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यों में, विकास में लगाएंगे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग)करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## रामपुर स्कूल में वीरगाथा पर हुई विभिन्न स्पर्धा

**बगदेही(धमतरी)।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा विभाग धमतरी द्वारा सभी स्कूलों में वीरगाथा 4 कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें स्कूली बच्चों को स्वतन्त्रता सेनानियों के संघर्ष, लड़ाई एवं बलिदान के बारे में जानकारी दी जा रही है। शाउमावि रामपुर में वीरगाथा 4 अंतर्गत बच्चों के लिए ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध, पोयम स्पर्धा आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 9वीं की टेमिन और दुर्गेश्वरी ने रानी लक्ष्मीबाई एवं सरदार भगत सिंह की जीवनी पर निबंध लिया।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

